श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
20.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष सप्तमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 176

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:53 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

मजदूरों ने रखी समस्याएं >> पेज 03
सीक्वल से कटा पाकिस्तानी एक्ट्रेस का नाम >> पेज 04

**सुविचार**

जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए आपको किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है

**न्यूज अपडेट्स**

### सुरक्षा बलों ने बरामद किया भारी विस्फोटक

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154 बटालियन ने नक्सलियों की एक बड़ी विध्वंसक योजना को समय रहते विफल कर दिया। बुधवार को खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए। गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स बरामद किया गया। इसकी पुष्टि सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने की ।अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ ??पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी में देखा गया है ।इस आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे। टीम ने जांच शुरू कर पूरे जंगल की तलाशी ली कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नक्सली भाग निकले, लेकिन टीम ने उनके द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद कर लिए।

**सियासत** विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला, रामलीला मैदानमें होगा शपथ ग्रहण समारोह

# दिल्ली में आज से रेखा राज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में नई सरकार के भव्य और दिव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर में होगा। भाजपा नेता रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी। उनसे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता ने विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट पर आम आदमी पार्टी उम्मीदवार बंदना कुमारी को 29,000 से अधिक मतों से हराया था। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में 19 फरवरी की शाम केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में आमराय से भाजपा विधायक दल की नेता चुने जाने के बाद उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वह पहली बार



विधायक बनीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी।

विधायक दल की बैठक के बाद पूर्व केंद्रीयमंत्री रविशंकर प्रसाद ने घोषणा की कि रेखा गुप्ता को आम राय से विधायक दल का नेता चुना गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद रेखा गुप्ता ने रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य नेताओं के साथ उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। देररात उपराज्यपाल सक्सेना की तरफ से एक्स पोस्ट में कहा गया कि रेखा गुप्ता का दावा स्वीकार करते हुए उन्हें नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के शासन पर विराम लगाते हुए दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। कुछ विशिष्ट मेहमानों समेत करीब 50,000 लोगों के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने की संभावना है।

### महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं रेखा गुप्ता

रामलीला मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजधानी के मध्य, उत्तर और नई दिल्ली क्षेत्र में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। रेखा गुप्ता अब तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के बाद देश की दूसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा में हुआ है। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रही हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि स्नातक हैं। विधायक दल की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया। बैठक में पार्टी के सभी 48 विधायक मौजूद रहे। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के कल्याण, सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगी। रेखा गुप्ता ने एक्स पर कहा, ''मैं दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं सभी शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। आपके इस भरोसे और समर्थन ने मुझे नई ऊर्जा और नई प्रेरणा दी है। रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी हैं।




## शंख व डमरू की ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

**चतरा।** चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को उद्घाटन किया गया। महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ किया गया। महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए



अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। वहीं चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## 21 को रांची आएंगे कांग्रेस प्रभारी

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस



कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर और ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर शाम चार बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचेंगे। प्रदेश प्रभारी शाम 6.30 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात भीषण सड़क हादसा

## बैंक प्रबंधक समेत छह की दर्दनाक मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर



मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है।बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है।

### महाकुंभ : नेपाल के 50 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान

**महाकुम्भ नगर।** मां जानकी के मायके नेपाल में महाकुम्भ को लेकर जबरदस्त उल्लास देखा जा रहा है। महाकुम्भ नगर में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में अब तक नेपाल से आए 50 लाख से अधिक लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ का आयोजन अद्वितीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। जिससे नेपाल समेत दुनियाभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से पवित्र अक्षत व अन्य सामान लेकर लोग आ रहे हैं और यहां से गंगा जल और संगम की माटी अपने साथ नेपाल भी ले जा रहे हैं। वहां के श्रद्धालुओं में बड़े हनुमान मंदिर और अक्षय वट के प्रति अद्भुत आस्था देखने को मिल रही है। नेपाल के लोगों में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ साथ अयोध्या में श्री राम और काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने का भी क्रेज बहुत तेजी से बढ़ गया है। नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रेवेल्स एजेंट्स बांके चैप्टर के अध्यक्ष राम सिग्देल ने बताया कि नेपाल से विशेष रूप से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर से पवित्र अक्षत महाकुम्भ में लाया गया है।

# दलहन एवं तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा पलामू: राधाकृष्ण किशोर




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज शिवाजी मैदान में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित इस किसान मेले का उदघाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेता तिर्की एवं वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेला में 40 स्टॉल लगाये गये, जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में 16 किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषियंत्रों का अवलोकन किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू जिले में दलहन एवं तेलहन फसल को बड़े पैमाने पर बढावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। किसान कोल्ड स्टोरेज के अभाव में तिलहन फसल को स्टोर करके नहीं रख पाते। स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट काम करने पर पलामू तिलहन के लिए जाना जायेगा। इसके लिए उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मांगा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य किसानों को राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अवगत कराना है। पलामू में यह तीसरा आयोजन है। किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सब आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फ्रूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू प्रमंडल की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। नेशनल हाइवे और पुल-पुलिया के निर्माण से आधारभूत संरचना विकसित की जा सकती है, लेकिन जबतक हम सतही जल को नहीं बचायेंगे, भूगर्भीय जलस्तर नहीं बना रहेगा। किसानों के चेहरे पर खुशियां लाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार तेजी से वर्षा जल को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू में पड़े सुखाड़ और आकाल को देखने के लिए आज तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी से प्रधानमंत्री बने इंदिरा गांधी एवं पीवी नरसिंहा राव ही यहां आए थे। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के.एन त्रिपाठी एवं जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, माननीय विधायक के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि विभाग से जुड़े पदाधिकारी एवं तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

## न्यूज अपडेट्स

### पेड़ से टकराई स्कार्पिओ, आधा दर्जन घायल

**रंका :** थाना क्षेत्र के चुटिया पंचायत में बुधवार को स्कार्पिओ पेड़ से टकरा गई। जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों का रंका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ गोरखनाथ पाण्डेय द्वारा इलाज किया जा रहा है। जहां से प्राथमिक उपचार कर चार लोगों को बेहतर इलाज के गढ़वा रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सभी लोग शादी समारोह से रामानुजगंज लौट रहे थे। इसी दौरान स्कार्पिओ अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरा गई।

### 50 भेड़ो की चोरी की शिकायत



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुशडंड गांव के छेरियाहा टोला निवासी उमेश पाल ने थाना में आवेदन देकर 50 भेड़ो की चोरी होने की शिकायत करते हुये सनहा दर्ज कराया है। थाना को दिये आवेदन में उमेश पाल ने कहा है कि अपने घर से लगभग 300 फीट की दूरी पर हर दिन की तरह 18 फरवरी की रात में जाल से घेरकर भेड़ को रखे थे। मैं भी वहीं पर सोया था सुबह उठकर भेड़ को खिलाने के लिये गिनती करने लगे तो 50 भेड़ कम हो गये। अज्ञात चोरों के द्वारा भेड़ो की चोरी कर लिया गया। जिससे लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया है। उन्होंने कहा है कि भेड़ की काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं भेड़ो का अता पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं भेड़ दिलाने का अनुरोध किया है।

## मझिआंव ▶ बुढ़ीखांड़ पहाड़ी पर धार्मिक आयोजन

# श्री रामचरितमानस पर आधारित सुंदरकांड पाठ

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय की ओर से प्रस्तावित श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में बुढ़ीखांड़ पहाड़ी पर अवस्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार की देर शाम मानस मंडली जिला टीम की ओर से 529 वां श्री रामचरितमानस पर आधारित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान राम और उनके परम भक्त हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात मानस मंडली के संरक्षक द्वारिका पांडेय एवं एसडीएम संजय पाण्डेय के नेतृत्व में मानस व्यास अरुण दुबे एवं सहायक व्यास बृजेश पांडेय, अशोक पटवा, अमरेंद्र मिश्रा, आत्मा पांडेय के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति की गई। इस दौरान सुंदरकांड के पाठ कर रहे व्यासों द्वारा लंका में डंका बजाई दियो रे......... सहित एक से बढ़कर एक संगीतमय की प्रस्तुति की गई। संगीतमय सुंदरकांड के बाद पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में प्रसाद एवं महाप्रसाद भी वितरण किया गया। बताते चलें कि श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ के मानस मंडली में हारमोनियम पर मार्कंडेय तिवारी, नाल वादक सीएस दुबे, रघुपति सिंह, मनोज दुबे, अरविंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, अजय सिंह, विजय पांडेय, गोपाल सोनी, उदय गुप्ता, शेखर श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, मुकेश पांडेय, छोटन सोनी, सच्चिदानंद पांडेय, अलख पाठक, रमन केसरी, राकेश तिवारी आदि के द्वारा सुंदरकांड की प्रस्तुति की गई। सभी मानस मंडली के व्यासों एवं प्रशासनिक मुख्य अतिथियों को मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सदर एसडीएम श्री पांडेय ने कहा कि एक बार मैं इस स्थान पर आया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं सोचा कि यहां मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड हो और इस बात को मैं बाबा केशव नारायण दास के बीच रखा। बाबा की देखभाल में जो कार्यक्रम हुआ वो बहुत ही अच्छा रहा। एसडीओ के द्वारा मानस मंडली को अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार से सम्मानित कर विदाई की गई। मौके पर बीडीओ श्रीमती कनक, सीओ प्रमोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, पंचायत मुखिया रीता देवी, हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, बीडीसी प्रतिनिधि अशोक यादव, एसआई चंदन प्रधान, एएसआई आलोक कुमार, पंचायत सचिव प्रशांत मिश्रा, ग्राम रोजगार सेवक प्रेम राम, समाजसेवी मारुत नंदन सोनी, विजय राम, अशोक कमलापुरी, अखिलेश विश्वकर्मा, सुरेंद्र चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मृतक के परिजनों को सौंपा दो लाख रुपये का चेक

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला की मौत के बाद पीएम जेजेबीवाई बीमा योजना के तहत उसके पति को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।यहां बताते चलें कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पुरैनी शाखा द्वारा झारखंड लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी अंतर्गत संचालित समूह संतोषी आजीविका सखी मंडल के पिंडरिया गांव निवासी घुरबिगन प्रसाद की पत्नी सरस्वती देवी की मौत गत दिनों हो गई थी। उक्त बीमा के तहत दो लाख रुपये का चेक मृतका के पति घुरबिगन प्रसाद को बीडीओ रौशन कुमार एवं बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव लंग ने प्रदान किया। उस मौके पर बीडीओ रौशन कुमार ने सभी महिलाओं को समूह से जोड़कर उन्हें आजीविका मिशन से जोड़ने की अपील की। उन्होंने पुरुषों को भी पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई बीमा कराने की जानकारी विस्तार से दी। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक अविनाश कुमार शुक्ल, फील्ड मैनेजर अम्बर कुमार मंडल, सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, अनुज सिंह, नीरज मिश्रा, जाबिर अंसारी, सखी प्रीति देवी, ममता देवी, कृति राय, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### दो युवकों की हत्या, जंगल में मिला शव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में दो युवकों की हत्या कर दी गई। उनके शव रजखेता जंगल के अमलाटोली से बरामद किए गए। दोनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। एक युवक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के चुनका निवासी दिनेश यादव के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान के लिए जांच तेज की गयी है। घटनास्थल से राइफल का टूटा हुआ एक बट मिला है। पुलिस के अनुसार गांव की एक महिला लकड़ी लेने के लिए जंगल में गयी थी। उसने दोनों युवकों के शव देखकर गांववालों को जानकारी दी। बाद में सूचना मिली तो घटनास्थल पर जाकर जांच की गयी। मौके से राइफल बंदूक का टूटा हुआ एक बट मिला है। एक युवक के पीठ पर बैग टंगा हुआ मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पूरे मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### कस्तूरबा विद्यालय की एकाउंटेंट ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी (28) बुधवार को अपने क्वार्टर में फांसी के फंदे से झूलती मिलीं। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वार्डन कृष्णा कुमारी ने एमआरएमसीएच में बुधवार को बताया कि मैं जब क्लास लेकर ऑफिस में गई तो गार्ड विनोद फोन लेकर के आया और कहा कि एकाउंटेंट मैडम के हस्बैंड का बार-बार कॉल आ रहा है बात करने को लेकर। विद्यालय में मैडम नहीं मिली। क्वार्टर की तरफ गए तो वहां देखा कि अंदर से गेट बंद है। बार-बार धक्का देने के बाद भी गेट नहीं खुला। गांव के ही मिस्त्री साधु राम को बुलाया। खिड़की के ग्रिल के रॉड को काटा गया एवं अंदर रूम में गए तो देखा किया प्रियंका दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी हुई थी। पाटन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद दुपट्टे को चाकू से काटकर प्रियंका को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। वार्डन ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को एकाउंटेंट प्रियंका ने विद्यालय में अपना योगदान दिया था। स्टार्टिंग में स्कूल के क्वार्टर में ही रहा करती थी। उसके बाद डालटनगंज से ही आना जाना करती थी। लंबे समय से कस्तूरबा में एकाउंटेंट थी एवं चैनपुर से पाटन स्थानान्तरण के बाद आई थी। बुधवार को लगभग 11 बजे के बाद स्कूल आई थी और 12.15 में फांसी लगाने की जानकारी मिली। दरवाजे को खोलने में 1 घंटे लगा। मिस्त्री साधु राम ने बताया कि जब वह खिड़की से अंदर गया तब मोबाइल चालू था। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है। अंतिम बार किससे बात हुई, यह पता लगाया जा रहा है। प्रियंका की शादी पांच साल पहले कंचन कुमार रजक से हुई थी। कंचन रोगजार सेवक है। घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के वक्त वह रांची में थे। वहां से पलामू के लिए निकल गए हैं। प्रियंका की ससुराल छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा गांव में है। वह तीन साल की एक बेटी की मां थी। वह मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहती थी।

## 22 दिनों से लापता हर्ष का हदहदवा नाले के पास से मिला शव

# क्षत विक्षत मिली लाश, सड़क जाम



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महुलिया से 22 दिनों से लापता हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। बच्चे के घर से एक किलोमीटर दूर हदहदवा नाला के पहाड़ी के पास से बरामद किया गया। पैर का हिस्सा एवं कपड़े से शव की पहचान की गयी। पैर का हिस्सा एवं खोपड़ी केवल मिली है। मौके से एक टांगी भी मिली है। धड़ से कमर का हिस्सा गायब है। जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की गयी। सूचना मिलने पर एसएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स ले जाया जाएगा। क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया है। बुधवार को गांव की एक महिला हदहदवा नाला के पहाड़ी की तरह गयी थी। उसने एक बच्चे का शव क्षत विक्षत देखा। इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे एवं जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की। शव की शिनाख्त होते ही परिजन चितकार मारकर रोने बिलखने लगे। अन्य ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं एवं आक्रोशित लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे एवं विशेष टीम गठित कर घटना का उदभेदन करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि 27 जनवरी शाम करीब साढ़े पांच बजे से 14 वर्षीय हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद लापता हो गया था। पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव का कहना है कि इस तरह की घटना से यहां के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह घटना दिल दहला देने वाली है। थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आज हर्ष के साथ ऐसी घटना हुई। आने वाले दिन में उनके बच्चों के साथ भी हो सकती है। इस तरह की घटना की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर कार्रवाई करें।

# झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात व ओलावृष्टि

**रांची।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 ड्रिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# ब्रेन हेमरेज से सहायक अध्यापक की पत्नी का ईलाज के दौरान वेदांता में हुई मौत, शोक



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** मेराल बस स्टैंड निवासी व ब्लॉक कॉलोनी मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रकाश दास की पत्नी सुनीता देवी की मौत मंगलवार की रात्रि में रांची के वेदांता में इलाज के दौरान हो गई। 46 वर्षीय सुनीता को दस दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हो गया था, जिसका इलाज रांची के वेदांता अस्पताल में चल रहा था। बुधवार की सुबह में शव घर पहुंचने पर उनके होनहार पांच बच्चों तथा परिजनों के चीत्कार से पूरा मुहल्ला गमगीन हो गया। इसकी खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा संवेदना व्यक्त की। वहां पहुंचे लोगों ने कहा प्रकाश दास सहायक अध्यापक रहते हुये कड़ी मेहनत कर पत्नी की लगनशीलता से अपने पांचो बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना चाहती थी। इसमें उन्हें कामयाबी भी मिली थी। उनका बड़ा पुत्र बीटेक करने के बाद एक कंपनी में जॉब करने लगा है। जबकि बड़ी पुत्री नीट क्वालीफाई कर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है तथा दूसरी पुत्री भी रांची रिम्स में बीएससी एमएलडी की पढ़ाई कर रही है। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद आदि ने दुखद घटना बताते हुये होनहार बच्चों को हर संभव सहयोग करने की बात कही।

## न्यूज अपडेट्स

### अबुआ आवास में हेरा फेरी को लेकर डीसी को आवेदन

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र की करमडीह पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मशरूम खातून ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन देकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में जनसेवक सह पंचायत सचिव श्रीकांत उपाध्याय एवं मुखिया मोसरत जहां की मिली भगत से हेरा फेरी करने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में कहा गया कि पंचायत सचिव एवं पंचायत मुखिया की मिलीभगत से जरूरतमंदों को न देकर सक्षम व्यक्तियों को आबुआ आवास दिया गया है। साथ ही जाती बदलकर भी आवास दिया गया है, जो जांच का विषय है। कहा गया है कि पंचायत क्षेत्र के ही शिवपतिया देवी पति 80 वर्षीय सुदेश चौहान जो कोलियरी में सर्विस करते थे, इनका पक्का का मकान है। साथ ही इनका पुत्र फिलहाल ओजी में सर्विस कर रहा है। को भी अबुआ आवास दिया गया है। पूजा देवी पति छोटन कुमार सिंह जो जनरल कैटेगरी में आते हैं का एससी कैटेगरी बदलकर अबुआ आवास का लाभ दिया गया है। वहीं संजुक्ता ठाकुर पति सुनील कुमार ठाकुर ओबीसी कैटेगरी में आते हैं लेकिन इनका भी एससी कैटेगरी में जाति बदलकर अबुआ आवास का लाभ दिया गया है। इधर ग्रामीणों से पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि जनसेवक सह पंचायत सचिव श्रीकांत उपाध्याय असहाय लोगों को अबुआ-आवास नहीं देकर सक्षम लोगों को आवास में चयन कर रहे हैं। यहां तक की कुछ लोगों का पहले से भी पक्का का बना हुआ मकान है उसे भी दिया जा रहा है। उधर डीसी के आदेश पर बीडीओ ने तत्काल चार सदस्यीय टीम गठित कर दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है।

## गढ़वा — एसडीएम के निमंत्रण पर कॉफी पर पहुंचे दिहाड़ी मजदूर

# मजदूरों ने रखीं समस्याएं

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के कॉफी विद एसडीएम में आमंत्रित समूह के रूप में क्षेत्र के असंगठित क्षेत्र के दिहाड़ी मजदूर समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने गढ़वा क्षेत्र के श्रमिकों के साथ अपने सभाकक्ष में कॉफी के दौरान संवाद किया। श्रमिकों में महिला एवं पुरुष दोनों का प्रतिनिधित्व रहा। इस दौरान आमंत्रित लोगों ने अपनी निजी समस्याओं के अलावा मजदूर कल्याण से जुड़े कुछ सामूहिक विषयों को रखा। एसडीओ ने उपस्थित सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में पहुंचे श्रमिकों को एसडीओ ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और समाज में उनके योगदान को रेखांकित किया। इस पर आमंत्रित लोगों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि उन्हें पहली बार इस प्रकार सम्मान दिया जा रहा है। कॉफी विद एसडीएम की इस कड़ी में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश एवं श्रम अधीक्षक संजय आनंद भी मौजूद थे। आमंत्रित अतिथियों ने क्रमशः परिवहन विभाग, कल्याण विभाग तथा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी श्रमिकों को विस्तार से आम बोलचाल की भाषा में जानकारी दी। एसडीएम श्री कुमार तथा श्रम अधीक्षक श्री आनंद ने आमंत्रित सभी श्रमिकों के माध्यम से जिले भर के श्रमिकों से अपील की कि वे अपना निबंधन जरूर करवा लें। श्रमिक निबंधन से क्या-क्या फायदे होते हैं इस बारे में भी सभी को समझाया गया। श्रमिकों से जुड़ी योजनाओं जैसे कि श्रमिक सेफ्टी किट, औजार सहायता योजना, पुत्र पुत्री हेतु छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार सहायता योजना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, मातृत्व सुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान ही चार श्रमिकों सत्येंद्र राम, सदाश रजवार, शीलवंती देवी व राजेश कुमार को श्रमिक कार्ड उपलब्ध कराया गया। वहीं 11 अन्य श्रमिकों का मौके पर ही निबंध करवाया गया। इन श्रमिकों के निबंधन का निबंधन शुल्क एसडीएम के द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर सावित्री गोंड, राजकुमारी देवी, अंजू देवी, ललिता देवी, मुंशी देवी, सुशीला पासवान, अमरेश मेहता, धर्मेंद्र कुमार, शिव शंकर, मनोज कुमार, रामवृक्ष, विक्की कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, सदास रजवार, विनोद राम आदि उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने असहाय की शादी के लिये दिया सहयोग



**धुरकी :** गरीब एवं असहाय परिवार की लड़कियों की शादी के लिये फरिश्ता बनने वाले धुरकी थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार की इस समय क्षेत्र में काफी सराहनीय प्रशंसा की जा रही है। थाना क्षेत्र के खाला गांव निवासी महेंद्र राम की पुत्री की शादी होनी थी। लेकिन परिवार वाले के पास पैसे का अभाव था। जिससे लड़की के परिवार वाले शादी करने से असमर्थता जता रहे थे। इस बात की जानकारी थाना प्रभारी को मिली। तत्पश्चात परिजनों को थाना प्रभारी ने अपने कार्यालय में बुलाया और सहयोग राशि प्रदान की। थाना प्रभारी ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि खाला गांव में एक व्यक्ति है जिनकी पुत्री की केतार चतुर्भुजी मंदिर में बुधवार को शादी होने वाली है, लेकिन मंदिर तक जाने के लिये उनके पास कोई साधन व पैसे नहीं है। थाना प्रभारी ने परिजन को थाना कार्यालय में बुलाया। जिसके बाद महेंद्र राम, उनकी पत्नी और बेटी को शादी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आर्थिक मदद की। थाना प्रभारी ने कहा कि असहाय लोगों को मदद करने से उन्हें खुशी मिलती है। साथ ही उन्होंने आमजनो से भी अपील की है कि वे एक दूसरे को मदद करें।

## पंसस ने किया आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास



**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास पंचायत समिति सदस्य बीडीसी देवंती कुमारी ने फीता काटकर किया। गौरतलब हो कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवन का अपना सेविका नहीं होने से धात्री महिलाओं को परेशानी होती थी व समय पर पोषाहार व टीकाकरण नहीं होने से काफी परेशानी होती थी। जो बाल विकास परियोजना पदाधिकारी धुरकी के निर्देश पर पंचायत समिति सदस्य की मौजूदगी में उक्त भवन का शिलान्यास किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य देवंती कुमारी, उप मुखिया प्रतिनिधि हनीफ अंसारी, ग्रामीण अजय चंद्रवंशी, मुद्रिका यादव, ललन राम, इंदु देवी, रीता देवी, राजकुमारी देवी, बिंदा देवी, रिंकी देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, संगीता देवी, कमला देवी, सीमा देवी, पूनम देवी, सीता राम, निरंजन कुमार, प्रगास राम, रंजीत कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, छठु राम, दशरथ राम, बीडीसी प्रतिनिधि राजकुमार राम, जगरनाथ कुमार, लक्षु राम, लालमन राम, परीखा भुईयां, प्यारी भुईयां, झगड़ू कोरवा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के किया राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत बुधवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र में राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, गढ़वा नगर परिषद, जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीएलवी ने तंबाकू सेवन से दुष्प्रभाव के बारे जानकारी दी। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, कृष्णानंद दुबे, रामाशंकर चौबे, सुधीर चौबे, संगीता सिन्हा, अमरेंद्र कुमार, तृप्ता भानु सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुये मंत्री योगेंद्र, दिया आशीर्वाद

# 351 कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वाधान में बुधवार को दानरो नदी स्थित छठ घाट पर 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो थे। विवाह यात्रा संस्था के सचिव विकास माली के आवास टंडवा से निकली, जो आशीर्वाद मैरिज हॉल पहुंची। इसके बाद सचिव समेत अन्य लोग बारात के साथ विवाह स्थल की ओर पैदल रवाना हुये। इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो स्वयं बारात में शामिल हुये और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मौके पर मंत्री श्री महतो ने कहा कि 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना एक अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुये कहा कि ऐसे प्रयासों से दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज से इस नेक पहल में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। संस्था के सचिव श्री माली ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे खुशी भरा दिन है जब वे 351 बहनों की डोली सजाकर उनका विवाह करा सके। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन संभव हुआ और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समारोह में हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। इस पहल ने सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। झामुमो नेत्री अंजली गुप्ता ने इस पहल को फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक समरसता बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। इसके बाद विवाह स्थल पर द्वार पूजा की रस्म पूरी कर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर कंचन जायसवाल, मेराल प्रमुख दीपमाला, विभूति पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एक यूनिट रक्तदान

**गढ़वा :** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वाधान में सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान किया गया। समाजसेवी मंटू मालाकार ने एक यूनिट रक्तदान किया। संस्था के संचालक आकाश केसरी ने बताया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों से सूचना मिली थी कि भवनाथपुर निवासी दिव्यांशु चंद्रवंशी उम्र 17 वर्ष जॉन्डिस नामक बीमारी से पीड़ित है। उनके शरीर मे मात्र 6 ग्राम रक्त है। उन्हे एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्कता थी। तभी समाजसेवी मंटू मालाकार जिनका रक्त समूह एबी पॉजिटिव है उन्हे रक्तदान को करने को राजी कर रक्तदान करवाया। मंटू मालाकार ने बताया कि उनके जीवनकाल के यह 23वां रक्तदान है। रक्तदान कर काफी मन प्रफुल्लित होता है। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य शुभम केशरी, विजय केशरी, मीडिया प्रभारी अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।






## ओटीटी पर रिलीज हुई वरुण धवन की 'बेबी जॉन'

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'बेबी जॉन' बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 39.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। हालांकि, अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है, जिससे इसे नया दर्शक वर्ग मिलने की उम्मीद है। अगर आपने सिनेमाघरों में यह एक्शन-थ्रिलर मिस कर दी थी, तो अब अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 'बेबी जॉन' अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। जो दर्शक इस एक्शन-थ्रिलर को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए, वे अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। बता दें कि 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस ने किया है, जबकि इस फिल्म को एटली ने प्रोड्यूस किया है।

## 'सनम तेरी कसम' के सीक्वल से कटा पाकिस्तानी एक्ट्रेस का नाम



फिल्म 'सनम तेरी कसम' पहली बार 2016 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की जोड़ी वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही, लेकिन अब 9 साल बाद दोबारा रिलीज होने पर फिल्म ने भारी भरकम कलेक्शन से सबको हैरान कर दिया है। इस बीच, सनम तेरी कसम के सीक्वल को लेकर भी चर्चा चल रही है। फिल्म के सीक्वल में लीड एक्ट्रेस के तौर पर पाकिस्तानी अभिनेत्री के बजाय बॉलीवुड एक्ट्रेस का नाम चर्चा में आ गया है। सनम तेरी कसम में पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन के किरदार में सरस्वती उर्फ सारू ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के सीक्वल का हिस्सा बनने की इच्छा जाहिर की, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें 'सनम तेरी कसम-2' से बाहर रहना पड़ेगा। दरअसल, हाल ही में सनम तेरी कसम के निर्देशक जोड़ी विनय सप्रू और राधिका राव ने एक इंटरव्यू दिया। फैन्स ने उन्हें हिंदी सिनेमा की 'सनम तेरी कसम 2' की एक्ट्रेस बताया है। उन्होंने श्रद्धा कपूर का नाम सुझाया, जिस पर राधिका और विनय सहमत दिखे। हालांकि, 'सनम तेरी कसम-2' के लिए श्रद्धा कपूर का नाम अभी तक आधिकारिक तौर पर यह तय नहीं हुआ है, लेकिन निमार्ताओं ने सनम तेरी कसम-2 की घोषणा कर दी है।



## झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी

# महाकुम्भ : तीन लाख करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

### महाकुम्भ बना भारत का सबसे बड़ा आर्थिक आयोजन, स्थानीय व्यापार को भारी बढ़ावा

### कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी



**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सी ) के अनुसार इस बार के महाकुम्भ ने तीन लाख करोड़ रुपये (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है। सीएआईटी के महासचिव और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे संबंध को दर्शाता है। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि शुरूआती अनुमान के अनुसार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना थी, लेकिन देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे कुल व्यापार तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

महाकुम्भ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

पर्यटन, होटल और आवास सेवाएं

खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग

परिवहन और लॉजिस्टिक्स

पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र और हस्तशिल्प

हेल्थकेयर और वेलनेस सेवाएं

मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग

स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाएं

### 150 किमी तक हुआ प्रभाव

महाकुंभ के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

### यूपी सरकार का बुनियादी ढांचे पर 7500 करोड़ का निवेश

महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के सड़क, फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण एवं सुधार पर 7500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस राशि में से 1500 करोड़ रुपये विशेष रूप से महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किए गए थे। इससे न केवल प्रयागराज में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है।

## पाकिस्तान में 14 आतंकियों के सिर पर भारी इनाम

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने प्रांत के सबसे अशांत कुर्रम जिले में खूनखराबा कर रहे



14 आतंकवादियों को जिंदा या मुर्दा पकड़ने पर इनाम घोषित किया है। सरकारी अधिसूचना में इनाम की अनुमानित राशि लगभग 130 मिलियन रुपये बताई गई है। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, सबसे ज्यादा इनाम 30 मिलियन रुपये खूंखार आतंकवादी काजिम के लिए घोषित किया गया है। बाकी 13 आतंकियों पर 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम है। अधिसूचना में कहा गया है कि सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। यह निर्णय क्षेत्र आतंकवाद से लड़ने के सरकार के मजबूत प्रयासों के हिस्से के रूप में आया है। कुर्रम में आतंकवादियों के सिर पर इनाम का उद्देश्य जनता को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। हाल ही में कुर्रम के विभिन्न इलाकों से 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी 17 फरवरी को एक काफिले पर हुए हमले में शामिल थे। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि विदेशी तत्व आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करा रहे हैं। बाहरी ताकतें पूरे पाकिस्तान को आग में झोंकना चाहती हैं। हम पीछे नहीं हटे।

Hit लिस्ट

## बाइडेन युग के सभी अटॉर्नी बर्खास्त

**वॉशिंगटन।** सत्ता संभालते ही एक के बाद एक सख्त फैसले कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन के सभी अटॉर्नी को लेकर एक और बड़ा आदेश जारी किया है। ट्रम्प ने अपने



ताजा आदेश में बाइडेन प्रशासन के सभी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का निर्देश देकर खलबली मचा दी है। ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- पिछले चार वर्षों में न्याय विभाग का जितना राजनीतिकरण हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। इसलिए सभी बचे हुए 'बाइडेन युग' के अमेरिकी अटॉर्नी को बर्खास्त करने का निर्देश दिया गया है। हमें तुरंत 'सफाई' करनी चाहिए और विश्वास बहाली के लिए काम करना चाहिए। अमेरिका के स्वर्ण युग में एक निष्पक्ष न्याय प्रणाली होनी चाहिए- जिसकी शुरूआत आज से हो रही है। ट्रम्प के सत्ता संभालने के बाद से ही अमेरिकी न्याय विभाग निशाने पर रहा है। कई अटॉर्नी पहले ही पद छोड़ चुके हैं। कई अटॉर्नी ने सोमवार को भी पद छोड़ने का एलान किया।

## झारखंड का 23 साल से फरार नक्सली गिरफ्तार

**मुंबई।** यवतमाल जिले के लकड़गंज इलाके से पुलिस ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के एक भगोड़े नक्सली कमांडर को गिरफ्तार किया



है। वह फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उस पर कड़ी नजर रख रही थी। यवतमाल जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि तुलसी उर्फ दिलीप महतो फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से तुलसी पर कड़ी नजर रख रही थी। तुलसी 1993 में झारखंड में नक्सली समूह में भर्ती हुआ था।

### लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में होती रही खरीदारी

# बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों को 3.35 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से पहले घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी करके मजबूत स्थिति बना ली, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। स्टॉक मार्केट में आई गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण निवेशकों ने आज 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा कमा लिया। आज दिनभर के



कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, फार्मास्यूटिकल, टेक और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारों का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.41 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद छोटे और मंझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.66 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 398.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,074 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,810 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,147 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 117 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,609 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,005 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 604 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)